बैठक दिनांक 20.07.2023
महत्वपूर्ण / ई–मेल
संख्या–1694 / आठ–3–2023

प्रेषक,

अरूणेश कुमार द्विवेदी,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
वाराणसी / प्रयागराज / कानपुर / लखनऊ / आगरा
मेरठ / गोरखपुर / गाजियाबाद / बरेली / मुरादाबाद
विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक : 14 जुलाई, 2023**

विषयः भारत सरकार की अमृत योजना के अन्तर्गत विकास क्षेत्रों की जी0आई0एस0 बेस्ड महायोजना–2031 (प्रारूप) के संबंध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि आपके विकास प्राधिकरण क्षेत्र की जी0आई0एस0 बेस्ड महायोजना–2031 (प्रारूप) का प्रस्तुतीकरण **अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के सभाकक्ष में दिनांक 20.07.2023 को अपराह्न 04:00 बजे से संलग्न सूची के क्रमानुसार निर्धारित है।** उक्त प्रस्तुतीकरण में निम्नलिखित चेक लिस्ट के बिन्दुओं को सम्मिलित करते हुए पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन किया जाना अपेक्षित हैः–

(1) प्रभावी महायोजना के कृषि, आवासीय भू–उपयोगों के सापेक्ष प्रस्तावित महायोजना–2031 (प्रारूप) में उच्चीकृत भू–उपयोग परिवर्तन का विवरण।

(2) प्रभावी महायोजना में चिन्हित नगरीकरण योग्य क्षेत्रफल के उपयोग की स्थिति एवं प्रभावी महायोजना के सापेक्ष प्रस्तावित महायोजना–2031 (प्रारूप) में नगरी करण योग्य क्षेत्रफल में वृद्धि का विवरण एवं औचित्य।

(3) प्रभावी महायोजना के ग्रीन बेल्ट व पार्क भू–उपयोग के सापेक्ष प्रस्तावित महायोजना में भू–उपयोग परिवर्तन की स्थिति।

(4) भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण संचालित / प्रस्तावित अवसंरचना परियोजनाओं (यथा मेट्रो, आर0आर0टी0एस0, एयरपोर्ट, स्टेडियम आदि) के संरेखण का महायोजना प्रारूप में चिन्हांकन।

(5) बाढ़ क्षेत्रों में नो–कन्स्ट्रक्शन जोन का चिन्हांकन।

(6) भारत सरकार के रिवर सेन्ट्रिक प्लानिंग के संबंध में दिशा–निर्देशों के अनुपालन की स्थिति।

(7) हस्तान्तरणीय विकास अधिकारों (टी0डी0आर0) की अनुज्ञा उपविधि, 2022 के प्राविधानों के अन्तर्गत टी0डी0आर0 उदभव करने वाले और प्राप्त करने वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन।

(8) प्रस्तावित महायोजना में टी.ओ.डी. जोन्स का चिन्हांकन।

(क्रमशः 2)

(9) राजस्व अभिलेखों में दर्ज जलाशयों/वाटर बाडीज महायोजना प्रारूप में चिन्हांकन।

(10) हाईवे जोन का चिन्हांकन।

(11) ट्रकों के एन्ट्री प्वाइंट महायोजना प्रारूप में चिन्हांकन।

(12) धार्मिकों स्थलों पर आवागमन के दृष्टिगत पार्किंग स्थल का यथावश्यकता चिन्हांकन।

(13) प्रभावी महायोजना में प्रस्तावित पार्क, खुले स्थल, हरित पट्टिका, क्रीड़ा स्थल तथा महायोजना मार्ग भू–उपयोग से संबंधित गाटा संख्या/खसरा संख्या/आराजी संख्या का विवरण सजरा मानचित्र पर सुपर इम्पोज करते हुए मानचित्र प्राधिकरण की वेबसाईट पर प्रदर्शित/अपलोड कराये जाने की स्थिति।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त आहूत प्रस्तुतीकरण में ऑनलाईन प्रतिभाग करने का कष्ट करें। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ऑनलाईन प्रतिभाग किये जाने हेतु आई0डी0 एवं पासवर्ड यथा समय उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त प्रस्तुतीकरण से पूर्व स्वस्तर से महायोजना प्रारूप के पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन की उपर्युक्त वर्णित चेक लिस्ट के आलोक में समीक्षा कर पुष्टि करते हुए पूर्ण तैयारी के साथ ससमय भौतिक रूप से प्रस्तुतीकरण कराने हेतु सचिव, विकास प्राधिकरण एवं यथा तैनात मुख्य नगर नियोजक/नगर नियोजक व अधिशासी अभियन्ता (भवन)/सहायक अभियन्ता (भवन) को निर्देशित करने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक : यथोक्त।</u>

भवदीय,

14.7.2023

(अरूणेश कुमार द्विवेदी)

संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपिः–

(1) आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(2) निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव/विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

(3) मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आहूत प्रस्तुतीकरण से पूर्व विकास प्राधिकरणों के साथ समन्वय करते हुए उक्त वर्णित चेक लिस्ट के आलोक में महायोजना प्रारूप के पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन की समीक्षा कर पुष्टि करते हुए संगत सूचनाओं सहित प्रस्तुतीकरण में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

(4) निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आहूत प्रस्तुतीकरण में सुसंगत सूचनाओं सहित ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अरूणेश कुमार द्विवेदी)

संयुक्त सचिव।

क्र0सं0	अधिकरण
1	वाराणसी विकास प्राधिकरण
2	प्रयागराज विकास प्राधिकरण
3	कानपुर विकास प्राधिकरण
4	लखनऊ विकास प्राधिकरण
5	आगरा विकास प्राधिकरण
6	मेरठ विकास प्राधिकरण
7	गोरखपुर विकास प्राधिकरण
8	गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
9	बरेली विकास प्राधिकरण
10	मुरादाबाद विकास प्राधिकरण